# कार्यालय आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़

**स्वास्थ्य भवन, द्वितीय तल, नार्थ–ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग. 492002**

क्रमांक / **5614** / छात्र / काउंसिलिंग / संचिशि / 2025 रायपुर, दिनांक **17.06.2025**

## // सूचना //

**वर्ष 2025 में MBBS पाठ्यक्रम उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं के दो वर्ष के अनुबंध की काउंसलिंग के संदर्भ में सूचना।**

विषयांतर्गत वर्ष 2025 में छत्तीसगढ़ के चिकित्सा महाविद्यालयों से एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम उत्तीर्ण अनुबंधित छात्र–छात्राओं को उनके द्वारा किये गये अनुबंध अनुसार संविदा नियुक्ति हेतु पदस्थापना के लिए संचालक स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC) रायपुर, छत्तीसगढ़ के माध्यम से दिनांक 13.06.2025 से 30.06.2025 तक Online Counseling आयोजित की गई है।

उक्त काउंसलिंग हेतु आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा प्रवीण्य सूची चिकित्सा महाविद्यालयों से प्राप्त छात्रों के MBBS अंतिम वर्ष के प्राप्तांकों के आधार पर तैयार की गई थी जिसे निरस्त करते हुए विश्वविद्यालय से प्राप्त MBBS पाठ्यक्रम की चारों परीक्षाओं के प्राप्तांक के योग के आधार पर नई प्रवीण्य सूची निम्नलिखित समय सारणी के अनुसार जारी की जाएगी।

| सं.क. | प्रकिया का विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | प्रवीण्य सूची का प्रकाशन | 20.06.2025 |
| 02 | दावा आपत्ति का आमंत्रण | 21.06.2025 एवं 22.06.2025 |
| 03 | दावा आपत्ति निराकरण | 23.06.2025 |
| 03 | अंतिम सूची का प्रकाशन | 24.06.2025 |

अतः वर्ष 2025 में MBBS पाठ्यक्रम उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं के दो वर्ष के अनुबंध की काउंसलिंग में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे उपरोक्त उल्लेखित तिथियों में आयोजित की जा रही काउंसलिंग में भाग लेने से पूर्व नवीन प्रवीण्य सूची एवं दावा–आपत्ति प्रक्रिया की निर्धारित तिथियों का अवश्य अवलोकन करें।

**(आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा अनुमोदित)**

**उप संचालक (छात्र शाखा),**
**संचालनालय चिकित्सा शिक्षा,**
**छत्तीसगढ़**

Visit CollegeDekho